कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) पंजाब, चंडीगढ़

का.आ.सं PTE/Exam/2023-24/68 दिनांक- 15/01/2024

कार्यालय आदेश

February माह, वर्ष 2024 में लेखा परीक्षकों के लिए विभागीय परीक्षा आयोजित होने वाली है। कर्मचारी गण निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने पर ही उक्त परीक्षा के पात्र होंगे :

1. सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त जिन लेखा परीक्षकों ने 01/02/2024 को निरन्तर सेवा में एक वर्ष पूर्ण कर लिया है ।
2. वरिष्ठता के आधार पर लिपिक से पदोन्नत लेखा परीक्षक पदोन्नति के तुरन्त बाद परीक्षा दे सकते हैं । हालांकि यदि परीक्षा पदोन्नति के 90 दिन के अन्दर आयोजित होती हैं तो वो परीक्षा में नहीं बेठ सकते । उसके पश्चात तत्काल वो यह परीक्षा दे सकते हैं ।
3. स्नातक एम.टी.एस. या स्नातक लिपिक (टंकण परीक्षा उत्तीर्ण लिपिक) जिन्होंने 01/02/2024 को निरंतर सेवा में 3 वर्ष पूर्ण कर लिए हो ।

अन्य शर्तें:

(क) उपरोक्त क्रम में 1 व 2 के संदर्भ में उक्त परीक्षा में पात्र होने के बाद लगातार 6 परीक्षाओ में केवल 6 मौके ही दिए जाते हैं । किसी भी कारण से परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर परीक्षा में बैठा हुआ माना जायगा तथा उसको एक मौका गिना जायगा ।

(ख) उम्मीदवारों के पास हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर लिखने का विकल्प है । प्रश्न पत्र दोनों भाषाओं में तैयार किया जायेगा । आवेदन जमा करने के समय ही विकल्प दिया जाना जरुरी हैं। हालांकि इस संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि द्विभाषी पुस्तकों की उपलब्धता सीमित है । उम्मीदवारों को द्विभाषी पुस्तक ना मिलने की स्थिति में कोई रियायत नही दी जाएगी।

(ग) उक्त परीक्षा के लिए पात्र कर्मचारीगण अपना आवेदन निहित प्रपत्र में भरकर संबंधित शाखा अधिकारी से विधिवत संस्तुत व अग्रेषित करवाकर दिनाक 22/01/2024 तक परीक्षा अनुभाग में जमा करवा दे ।

अलका चोपड़ा
15/01/24
वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी (PTE)

No. P,T&E/Exam/DCT/2023-24/599-608 dated:- 15.01.2024

प्रति निम्नलिखित को सूचना एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाती है :

1. प्रधान महालेखाकार के सचिव ।
2. प्रवर उप महालेखाकार (प्रशासन) के गोपनीय/सहायक ।
3. उपनिदेशक(प्रशासन) कार्यालय महानिदेशक लेखा परीक्षा (केन्द्रीय) चंडीगढ़ ।
4. व.ले.प.अ.(प्रशासन) कार्यालय महानिदेशक लेखा परीक्षा (केन्द्रीय) चंडीगढ़ ।
5. व.ले.प.अ (मुख्यालय-AMG-I,II,III,IV,V) (प्र-I/प्र-II/प्र-III/ओ.ई.-I/ओ.ई.-II/आर.टी. आई./संपदा प्रबंधन कक्ष/हिंदी कक्ष/ पेंशन,प्रशिक्षण व परीक्षा कक्ष/ एस.ऍफ़.सी./ पुस्तकालय अनुभाग/रिपोर्ट्स (सिविल/वाणिज्य/राजस्व)/ई.पी.सी.ए. कक्ष /एल.सी.सी/ पी.टी.सी.

6. व.लेखा परीक्षा अधिकारी (ई. डी. पी. सेल), कृपया कार्यालय आदेश को कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाने की तुरंत व्यवस्था करें ।

7. व.ले.प.अ. (प्रशासन-।) पदक्रम सूची, हिस्ट्री शीट, इवैंट शीट।

8. स्थानीय लेखा परीक्षा अधिकारी, पी.एस.पी.सी.एल. (पी.एस.ई.बी. मुख्यालय काम्प्लेक्स) पटियाला ।

9. कार्यालय आदेश फाईल ।

10. सूचना पट्ट ।

अलका चोपड़ा
15/01/24
Sr. Audit Officer (PTE)